हिन्दुस्तान

वरिष्ठ नागरिकों से संवाद में रक्षामंत्री बोले-आपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# लखनऊ में चलेगी सर्कुलर ट्रेन, सेमी कंडक्टर चिप बनेगी: राजनाथ सिंह

**शहर में रक्षामंत्री**

**25000** करोड़ की लागत से सेमी कंडक्टर चिप निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी

- रक्षामंत्री बोले: लखनऊ में विकास कार्यों से अभी संतुष्ट नहीं
- सेना के शौर्य की सराहना कर कहा-हमने सटीक वार किया



त्रिवेणी नगर में बुधवार को आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होने पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।

लखनऊ, मुख्य संवाददाता। रक्षामंत्री रजनाथ सिंह ने बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद में कहा कि लखनऊ के चारों तरफ सर्कुलर ट्रेन चलेगी। ढाई हजार करोड़ की लागत से सेमी कंडक्टर यूनिट भी लखनऊ में ही लगेगी। त्रिवेणी नगर के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सेना के ऑपरेशन के दौरान आपने देखा कि ब्रह्मोस्त्र ने कैसा कमाल किया और उसी दौरान मैंने वर्चुअल रूप से ब्रह्मोस निर्माण इकाई का शुभारंभ किया।

लखनऊ में विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां जितने विकास कार्य अभी हुए हैं उससे मैं संतुष्ट नहीं हूं।मैंने लखनऊ के चारों तरफ सर्कुलर ट्रेन चलाने के संदर्भ में बात की है। जल्दी ही इसका प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा। सेमी कंडक्टर यूनिट लगने से लोगों को रोजगार मिलेगा। सेमी कंडक्टर चिप समय की मांग है।

**सेना ने अप्रतिम शौर्य का प्रदर्शन किया:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सब वरिष्ठ लोगों को इतनी बड़ी संख्या में देखकर बहुत ही अनुकूल संवेदना महसूस हो रही है। क्षेत्रवासियों से कैसे जीवंत संबंध बना कर रखना चाहिए आप लोग के बीच आकर महसूस किया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सेना ने जो अप्रतिम शौर्य का परिचय दिया उसकी जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। मैंने स्वयं सेना के जवानों के बीच जाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी और उनका आभार प्रकट किया। हमारे सैनिकों ने बड़ी बहादुरी और सूझबूझ के साथ पहलगाम का बदला लिया। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई सबसे बड़ी कार्रवाई है। भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। हमारे जवानों ने स्ट्राइक में पूरा सटीक वार किया। जहां सिविलियन और मिलिट्री के स्थान थे, वहां स्ट्राइक नहीं की। आम नागरिक को कोई भी हानि न हो इसकी पूरी चिंता की।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, डॉ. आलोक दीक्षित, डॉ जितेंद्र दीक्षित, राम सजीवन शुक्ला, जीडी शुक्ला, कैप्टन आर एन सचान, अरुण मिश्रा, आईजी पांडेय, कृष्णानंद पांडेय, मनीष सिंह, संजय निगम और ओंकार सिंह आदि मौजूद रहे।

# रक्षामंत्री से बोले व्यापारी शस्त्र प्रशिक्षण दिलाएं

- यूपी कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रक्षामंत्री से मिला
- प्रस्तावित बिजली की दरों को जल्दबाजी में न बढ़ाने की मांग रखी

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। व्यापारियों को शस्त्र चलाने की ट्रेनिंग देने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

संगठन के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने कहा कि सभी व्यापारियों को शस्त्र चलाने की ट्रेनिंग दी जाए जिससे हम अपनी सुरक्षा के साथ-साथ देश के अंदर की सुरक्षा भी कर पाएं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, चीन, बंगलादेश और तुर्किए से व्यापार नहीं करेंगे। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री अनिल बजाज ने कहा कि हम भारतीय कपड़ों को अपनी दुकानों पर बेचेंगे।

उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में दुश्मन देशों के साथ खड़े होने वाले देशों से कारोबार प्रतिबंध किए जाने की मांग की। व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित बिजली की दरों को जल्दबाजी में न बढ़ाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली की दरें बढ़ाने का यह उचित समय नहीं है। बिजली की दरों को बढ़ाने से लोगों पर अतिरिक्त भार पड़ेगा जो ठीक नहीं है। व्यापार भी इससे प्रभावित होगा।

इस मौके पर श्याम कृषनानी, पुनीत लाल चंदानी, जितेंद्र अरोड़ा, विजय मोतियानी सहित पप्पू ग्रोवर शामिल हुए।

## वरिष्ठ पत्रकार को दी श्रद्धांजलि, आवास पहुंचे

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लखनऊ प्रवास के दौरान वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव के निधन पर उनके माल एवेन्यू स्थित आवास जाकर, उनके परिजनों से भेंट करके शोक संवेदना व्यक्त की। भेंट के दौरान उनके पुत्र के. विश्व देव राव और परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, पीआरओ डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ला और मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग भी मौजूद थे।